मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-11
08/01/2024

‘जनता के दरबार में मुख्यमंत्री’ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, 55 लोगों की सुनी समस्यायें, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 08 जनवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज 4, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित ‘जनता के दरबार में मुख्यमंत्री’ कार्यक्रम में शामिल हुए। ‘जनता के दरबार में मुख्यमंत्री’ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 55 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

आज ‘जनता के दरबार में मुख्यमंत्री’ कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, वित्त विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, श्रम संसाधन विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुयी।

‘जनता के दरबार में मुख्यमंत्री’ कार्यक्रम में बांका जिले से आये श्री छबिला यादव ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि तिलका मांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर के अंतर्गत एस0एम0 कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन के पद पर जून 2015 में सेवानिवृत हुआ लेकिन अब तक मुझे सेवांत लाभ एवं पेशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मुजफ्फपुर जिले से ही आयी श्रीमती ममता कुमारी ने मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी सेविका की बहाली में अनियमितता बरती गई है जिसके कारण मेरा नियोजन नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

सहरसा जिले से आयी सुश्री मोनिका कुमारी ने मुख्यमंत्री से फ़रियाद करते हुए कहा कि ट्रेन दुर्घटना में मेरा दोनों पैर कट गया था। काफी खर्च के बाद मैं ठीक हो पायी हूं लेकिन कृत्रिम पैर लगवाने हेतु मेरे पास पैसा नहीं है, कृपा कर मुझे कृत्रिम पैर लगवाने हेतु मदद दी जाए। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गोपालगंज जिले से आए हुए श्री राहुल कुमार रंजन ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि थावे प्रखंड अंतर्गत लक्ष्वार मंदिर में सार्वजनिक शौचालय, शुद्ध पेयजल आदि मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी जाए। मुख्यमंत्री ने कला, संस्कृति एवं युवा विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं गोपालगंज जिले से ही आए हुए श्री मनोज कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री से मगध चीनी मिल प्रबंधक द्वारा मजदूरों को प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

समस्तीपुर जिले से आयी श्रीमती चंद्रमा कुमारी ने मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए कहा कि जमुई जिले में अवस्थित सिमुलतला आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की कमी है,

जिससे पठन–पाठन ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। कृपा कर समस्या का समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

पटना जिले से आये श्री सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि मेरी मां राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बांकीपुर में परिचारी के पद पर कार्यरत थीं। सेवाकाल में उनकी मृत्यु हो गई लेकिन अब तक अनुकंपा के आधार पर मिलनेवाली नौकरी मुझे नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बक्सर जिले के डुमरांव से आयी हुई सुश्री पूजा कुमारी ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि मुझे अब तक बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत मिलने वाली राशि नहीं प्राप्त हुई है। वहीं भोजपुर जिले से आयी हुई सुश्री गुड़िया कुमारी ने भी बालिका प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

औरंगाबाद जिले से आये श्री नीरज कुमार ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि मैं दिव्यांग हूं, मुझे बैट्री चालित ट्राई साईकिल उपलब्ध करायी जाए, जिससे मुझे कहीं आने–जाने में सुविधा हो सके। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री जितेंद्र कुमार राय, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री शाहनवाज, श्रम संसाधन मंत्री श्री सुरेंद्र राम, सूचना प्रावैधिकी मंत्री मो0 इसराईल मंसूरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) श्री जे0एस0 गंगवार, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा उपस्थित थे।

******